# यूपी अब निवेश का प्रदेश, उद्यमियों के लिए यहां सब कुछ उपलब्ध है

विवेक राव • लखनऊ

उत्तर प्रदेश अब निवेश का प्रदेश है। यहां उद्यमियों के लिए सब कुछ है। अपने बच्चों को सिर्फ डाक्टर, इंजीनियर बनाने की सोच को बदलते हुए उन्हें बिजनेसमैन बनने के लिए प्रेरित करना होगा। बच्चों को अब दूसरी कक्षा से ही बिजनेस के टूल देने होंगे। प्रदेश में अनुकूल माहौल मिलने की वजह से युवा स्टार्टअप के साथ आगे बढ़ भी रहे हैं। स्वरूप इंडस्ट्रीज ग्रुप के चेयरमैन व उद्यमी आनंद स्वरूप ने माना कि प्रदेश में स्वर्णिम काल है, उद्यम शुरू करने के लिए इससे अच्छा समय नहीं हो सकता। सत्र 'उद्यमियों और निवेशकों को भा रहा है उत्तर प्रदेश' में सत्र संचालक दैनिक जागरण के सीनियर चीफ रिपोर्टर

**सत्र** **उद्यमियों और निवेशकों को भा रहा है उत्तर प्रदेश**




सत्र में बोलते सचिव इंडस्ट्रीज-कामर्स अभिषेक प्रकाश, स्वरूप इंडस्टीज के चेयरमेन आनंद स्वरूप व व्यापारी अतुल सेठ एवं सत्र का संचालन करते वरिष्ठ मुख्य संवाददाता राजीव बाजपेयी • जागरण

राजीव बाजपेयी ने उद्योग क्षेत्र की शख्सियतों से प्रदेश की औद्योगिक संभावनाओं पर बात की।

संवाद को आगे बढ़ाते हुए इंडस्ट्रीज कामर्स गवर्नमेंट आफ उत्तर प्रदेश के सचिव अभिषेक प्रकाश ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से निवेश और प्रदेश में आगे की संभावनाओं पर चर्चा की। बताया कि इससे 10 लाख करोड़ का निवेश धरातल पर उतरा है। निवेशकों का विश्वास यूपी में बदली कानून व्यवस्था, आधारभूत ढांचे में सुधार, ईज आफ डूइंग बिजनेस के लिए सिंगल विंडो सिस्टम, आउटरीच प्रोग्राम से निवेशकों से सीधे संवाद की वजह से बढ़ा है। निवेश से प्रदेश में 35 लाख रोजगार सृजित हो रहे हैं। अपनी बात आगे बढ़ाते हुए उद्यमी आनंद स्वरूप ने बताया कि छह वर्ष पहले प्रदेश का कोई भी उद्योगपति यूपी में अपना उद्योग नहीं लगाना चाहता था। आज सभी यूपी में ही अपने उद्योग को विस्तार दे रहे हैं। कानपुर के कारोबारी अतुल सेठ ने कहा कि कानपुर पर पूर्व में यहां ध्यान नहीं दिया गया। कानपुर में आयुष फैक्ट्री का उद्घाटन हुआ है। ऐसे उद्योगों की और जरूरत है। आने वाले समय में कानपुर और तेजी से विकास करेगा। सत्र में आइआइए के चेयरमैन बिकास खन्ना सहित अन्य ने एमएसएमई के सामने आने वाली समस्याओं को लेकर सवाल पूछे। अभिषेक प्रकाश ने आश्वस्त किया कि प्रदेश में उद्योग लगाने वाले लोगों को हर जरूरी सहूलियत दी जा रही है।